1. निम्न में से कौन चालुक्य कालीन ग्रामीण शासन के प्रभारी अधिकारी थे ?
(1) देशभोजक (2) नाट्टुकोण
(3) महाजन (4) निलक्कलत्तार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्न में से किस युद्ध के उपरान्त सम्पूर्ण पल्लव राज्य चोल साम्राज्य में विलीन हो गया ?
(1) पुडनवियम (2) मदुराईकोण्ड
(3) तोंडईनाड़ (4) वेल्लूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. उस चोल राजा का नाम बताइए जिसने तंजावुर (तन्जौर) में शिव मंदिर का निर्माण करवाया था ?
(1) आदित्य प्रथम
(2) परांतक प्रथम
(3) राजराज प्रथम
(4) राजेन्द्र चोल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. राष्ट्रकूट राजवंश के किस शासक को 'कलि', 'श्रीवल्लभ' एवं 'निरूपम' के नाम से जाना जाता है ?
(1) अमोघवर्ष प्रथम
(2) ध्रुवधारावर्ष
(3) दंतिदुर्ग
(4) अमोघवर्ष द्वितीय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. निम्न में से किसने बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरी के लेखन को पूर्ण किया ?
(1) उद्योतकर भारद्वाज
(2) मल्लनाग
(3) धर्मकीर्ति
(4) भूषण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Who among the following was the officer in-charge of rural administration during the Chalukya period ?
(1) Deshbhojak (2) Nattukon
(3) Mahajan (4) Nilakklattar
(5) Question not attempted

2. After which of the following battle the entire Pallava Kingdom merged into the Chola Empire ?
(1) Pudanviyum (2) Maduraikond
(3) Tondinad (4) Vellur
(5) Question not attempted

3. Name the Chola King, who built the temple of Shiva at Tanjuvur (Tanjore).
(1) Aditya I
(2) Parantaka I
(3) Rajaraja I
(4) Rajendra Chola
(5) Question not attempted

4. Which ruler of the Rashtrakuta dynasty is known as 'Kali', 'Shrivallabh' and 'Nirupam' ?
(1) Amoghavarsha I
(2) Dhruvdharavarsha
(3) Dantidurga
(4) Amoghavarsha II
(5) Question not attempted

5. Who among the following completed the writing of Kadambari composed by Banabhatta ?
(1) Udyotkar Bhardwaj
(2) Mallanaag
(3) Dharm Kirti
(4) Bhushan
(5) Question not attempted

6. पूर्व मध्यकाल में कुल्या वाप व पाठक निम्न में से किसकी मापक इकाई थी ?
(1) भूमि (2) अनाज
(3) वस्त्र (4) स्वर्ण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. In the early medieval period, Kulya Vap and Pathak were the measurement units of which of the following ?
(1) Land (2) Grain
(3) Clothes (4) Gold
(5) Question not attempted

7. पूर्व मध्यकालीन भारत में मंडपिकाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
A. ये व्यापारिक करों और शुल्कों के संग्रहण केन्द्र के रूप में कार्य करती थी ।
B. ये स्थानीय विनिमय केन्द्र के रूप में हट्टिक तथा पट्टन के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाती थी ।
C. ये दक्कन के पेंठों के समान थी ।
सही कूट का चयन करें :
(1) केवल A तथा B
(2) केवल B तथा C
(3) केवल A तथा C
(4) यह सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. Which of the following statements regarding Mandapikas in early medieval India are correct ?
A. They functioned as centres for the collection of commercial tolls and duties.
B. They served as local centres of exchange and acted as intermediaries between Hattikas and Pattanas.
C. They were analogues to the Penthas of Deccan.
Select the correct code :
(1) Only A and B
(2) Only B and C
(3) Only A and C
(4) All of these
(5) Question not attempted

8. निम्न में से किस तत्त्व को योग दर्शन में प्रधानता देकर उसकी विस्तृत व्याख्या की गई है ?
(1) प्रकृति (2) चित्त
(3) पुरुष (4) तन्मात्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. Which of the following elements has been given priority in Yoga philosophy and explained in detail ?
(1) Prakriti (2) Chitt
(3) Purush (4) Tanmatra
(5) Question not attempted

9. शैलेन्द्र राजाओं के काल में विकसित 'चण्डी' से क्या तात्पर्य है ?
(1) मुद्रा
(2) बन्दरगाह
(3) बौद्ध ग्रन्थों पर टीका
(4) मन्दिर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. What is meant by 'Chandi', developed during the period of Shailendra Kings ?
(1) Currency
(2) Sea port
(3) Commentary on Buddhist text
(4) Temple
(5) Question not attempted

10. भारत में प्लास्टिक कला का प्रारंभिक उदाहरण किस स्थान से प्राप्त हुआ है ?
(1) लालसोट से प्राप्त बौद्ध फलक
(2) नोह से प्राप्त यक्ष की मूर्ति
(3) आहड़ से प्राप्त मातृदेवी की मूर्ति
(4) रैढ़ से प्राप्त मातृदेवी की मूर्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. मुल्तान तथा उच्छ के राज्यपाल नासिरुद्दीन कुबाचा के समय 'चचनामा' का फारसी में अनुवाद करने वाले व्यक्ति का नाम बताइये।
(1) मुहम्मद अली बिन अबु बक्र कुफी
(2) अबु नस्र मुहम्मद इब्न मुहम्मद अल-जब्बार-उल-उतबी
(3) अबुल शराफ जरबाज़ कनि
(4) अबु रेहान मुहम्मद इब्न अहमद अल-बिरूनी-अल-ख्वारिज़म
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
बाबर के अनुसार, गैंडा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में पाया जाता था ?
A. पेशावर
B. हस्तघार (काबुल नदी के उत्तर में)
C. नमक शृंखला क्षेत्र
D. बहराइच (सरू नदी के किनारे)
उपर्युक्त कथनों में से कौन सा / कौन से सही है/हैं ?
(1) A और B (2) केवल C
(3) केवल D (4) A, B, C, D सभी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. ललित विस्तार के अनुसार, निम्न में से किस स्थान पर गौतम बुद्ध ने शिल्पविद्या का ज्ञान प्राप्त किया था ?
(1) वैशाली (2) श्रावस्ती
(3) कपिलवस्तु (4) वाराणसी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. From which site has the earliest example of plastic art been found in India ?
(1) Buddhist panel found from Lalsot
(2) Statue of Yaksha obtained from Noh
(3) Mother Goddess idol obtained from Ahar
(4) Idol of Mother Goddess found from Raidh
(5) Question not attempted

11. Name the person, who translated 'Chachnama' into Persian in the time of Nasiruddin Qabacha, Governer of Multan and Uchh.
(1) Muhammad Ali bin Abu Bakr Kufi
(2) Abu Nasr Muhammad ibn Muhammad al-Jabber-ul-Utbi
(3) Abul Sharaf Jarbaz Kani
(4) Abu Raihan Muhammad ibn Ahmad al-Bairuni-al-Khwarizm
(5) Question not attempted

12. Consider the following statements : According to Babur, Rhinoceros was found in abundant in which of the following territory ?
A. Peshawar
B. Hashtghar (North of Kabul River)
C. The Salt Range Area
D. Bahraich (On the Bank of the Saru)
Which of the territory given above is/are correct ?
(1) A and B (2) Only C
(3) Only D (4) A, B, C, D All
(5) Question not attempted

13. According to Lalit Vistar, from which of the following places did Gautam Buddha acquire knowledge of craftmanship ?
(1) Vaishali (2) Sravasti
(3) Kapilvastu (4) Varanasi
(5) Question not attempted

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और गलत कथन बताइये :
(1) ऐबक जनजाति, जिसका तुर्की भाषा में अर्थ "चन्द्रमा का स्वामी" होता है।
(2) कुतबुद्दीन ऐबक का विवाह ताजुद्दीन यल्दौज की पुत्री से हुआ था।
(3) कुतबुद्दीन ऐबक ने अपनी पुत्री का विवाह इल्तुतमिश से किया।
(4) कुतबुद्दीन ऐबक ने अपनी पुत्री का विवाह नासिरुद्दीन कुबाचा से किया।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्न में से किस सुल्तान ने सर्वप्रथम सैनिकों को दी गई इक्ताओं की अवधि के विषय में जाँच करवाई ?
(1) इल्तुतमिश
(2) बलबन
(3) अलाउद्दीन खलजी
(4) मुहम्मद बिन तुगलक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. बलबन की मृत्यु के समय जलालुद्दीन खिलजी किस प्रांत का इक्तादार था ?
(1) समाना
(2) कड़ा–मानिकपुर
(3) सिंध
(4) मुल्तान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. मुगल हरम का विस्तार से वर्णन किस रचना में मिलता है ?
(1) अकबरनामा
(2) हुमायूँनामा
(3) मुन्तखब–उत–तवारीख
(4) तबकात–ए–नासिरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. Consider the following statements and point out the incorrect statement :
(1) Aibaq tribe, which in Turkish language means "Lord of the Moon".
(2) Qutab-ud-din-Aibaq was married to the daughter of Tajuddin Yildoz.
(3) Qutab-ud-din-Aibaq married his daughter to Iltutmish.
(4) Qutab-ud-din-Aibaq gave his daughter in marriage to Nasiruddin Qabacha.
(5) Question not attempted

15. Which of the following Sultans first conducted an inquiry regarding the duration of Iqtas given to soldiers ?
(1) Iltutmish
(2) Balban
(3) Alauddin Khalji
(4) Muhammad Bin Tughlaq
(5) Question not attempted

16. Jalal-ud-din Khilji was Iqtadar of which province at time of Balban's death ?
(1) Samana
(2) Kara-Manikpur
(3) Sindh
(4) Multan
(5) Question not attempted

17. In which text is the detailed description of Mughal Harem found ?
(1) Akbarnama
(2) Humayunnama
(3) Muntakhab-ut-Twarikh
(4) Tabkat-i-Nasiri
(5) Question not attempted

18. इब्न बतूता के अनुसार, तुगलक तुर्कों की किस जनजाति से संबंधित थे ?

(1) क़रौना (2) ओगुज
(3) खज़ार (4) सेल्जुक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. गयासुद्दीन तुगलक किस सैन्य अभियान के पश्चात मारा गया था ?

(1) मालवा (2) गुजरात
(3) तिरहुत (4) सिंध
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. निम्नलिखित में से किसने कहा कि "मुहम्मद बिन तुगलक देवगिरि को अपनी राजधानी इसलिए बनाना चाहता था क्योंकि यह साम्राज्य के केन्द्र में स्थित थी" ?

(1) इब्न बतूता
(2) शम्स-सिराज-अफीफ
(3) इसामी
(4) जियाउद्दीन बरनी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. निम्न में से किसने "नूरोदुस्थल" नामक ग्रंथ लिखा था ?

(1) लकन्ना (2) जक्कनार्य
(3) गुरु वासव (4) तौण्टद सिद्धैश्वर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. अलाउद्दीन खलज़ी के उत्तरी भारत के विजय के बाद निम्नलिखित अधिकारियों और उनको सौंपे गए क्षेत्रों में से कौन सा युग्म गलत है ?

(1) गुजरात – अलप खान
(2) जालौर – उलूग खान
(3) मालवा – आइन-उल-मुल्क
(4) सिवाना – कमालुद्दीन गुर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. According to Ibn Batuta, the Tughlaq belonged to which tribes of the Turks ?

(1) Qarauna (2) Oghuz
(3) Khazar (4) Seljuk
(5) Question not attempted

19. Ghiyasuddin Tughlaq was killed after which military campaign ?

(1) Malwa (2) Gujarat
(3) Tirhut (4) Sindh
(5) Question not attempted

20. Who among the following stated that "Muhammad-bin-Tughlaq wanted to make Devagiri his capital because it was located in the centre of the Empire" ?

(1) Ibn Batuta
(2) Shams-Siraj-Afif
(3) Isami
(4) Ziauddin Barani
(5) Question not attempted

21. Who among the following wrote text "Nurodusthal" ?

(1) Laknna
(2) Jakkanarya
(3) Guru Vasav
(4) Tauntad Sidhaishawar
(5) Question not attempted

22. After Alauddin Khalji's conquest of North India, which of the following pair of officers with the regions assigned is incorrectly matched ?

(1) Gujarat – Alp Khan
(2) Jalore – Ulug Khan
(3) Malwa – Ain-ul-Mulk
(4) Siwana – Kamaluddin Gurg
(5) Question not attempted

23. आयंगर प्रणाली के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

A. आयंगर गाँव के सेवक थे और परिवार के एक समूह से बने होते थे ।

B. इस प्रणाली की विशेषता थी कि विशेष पद धारण करने वाले गाँव के सेवकों को भूमि राजस्व का विशेष आवंटन तथा विशिष्ट नकद भुगतान किया जाता था ।

सही कूट का चयन करें :

(1) केवल कथन A सही है ।
(2) केवल कथन B सही है ।
(3) न तो कथन A और न ही B सही है ।
(4) दोनों कथन सही हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. जौनपुर की स्थापना किस नदी के किनारे फ़िरोज़ तुग़लक द्वारा की गई ?

(1) गोमती
(2) राप्ती
(3) बेतवा
(4) सरयू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. सिकंदर लोदी के बिहार आक्रमण के दौरान बंगाल का शासक कौन था ?

(1) नासिरुद्दीन नुसरतशाह
(2) अलाउद्दीन फिरोज़शाह
(3) गयासुद्दीन महमूदशाह
(4) अलाउद्दीन हुसैनशाह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. 1347 से 1527 ई. तक 180 वर्षों तक चले बहमनी साम्राज्य में कितने शासकों ने शासन किया ?

(1) दस (2) पंद्रह
(3) अठारह (4) इक्कीस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. Read the following statements about Ayangar System :

A. Ayangars were village servants and constituted of group of families.

B. Distinctive feature of this sytem was special allocation of land revenue and specific cash payments to village servants occupying particular offices.

Choose the correct code :

(1) Only statement A is correct.
(2) Only statement B is correct.
(3) Neither statement A nor B is correct.
(4) Both the statements are correct.
(5) Question not attempted

24. Jaunpur was founded on the bank of which river by Firoze Tughlaq ?

(1) Gomti
(2) Rapti
(3) Betwa
(4) Sarayu
(5) Question not attempted

25. Who was the ruler of Bengal during the Bihar invade of Sikandar Lodi ?

(1) Nasiruddin Nusrat Shah
(2) Alauddin Firoze Shah
(3) Ghiyasuddin Mahmud Shah
(4) Alauddin Husain Shah
(5) Question not attempted

26. How many rulers ruled in the Bahmani Kingdom that lasted for 180 years from 1347 to 1527 A.D. ?

(1) Ten (2) Fifteen
(3) Eighteen (4) Twenty-one
(5) Question not attempted

27. निम्नलिखित में से अब्दुल वाहिद बिलग्रामी की कौन सी रचना में कृष्ण, मुरली, गोपियाँ, राधा आदि शब्दों को सूफ़ी रहस्यवादी अर्थों में समझाया गया है ?
(1) हकीक-ए-हिन्दी
(2) सबरस
(3) खजाइन-उल-फवाद
(4) बहर-उल-हयात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. Which of the following treatises written by Abdul Wahid Bilgrami explains words like Krishna, Murli, Gopis, Radha, etc. in Sufi mystic terms ?
(1) Haqaiq-i-Hindi
(2) Sabras
(3) Khazain-ul-Fawaid
(4) Bahr-ul-Hayat
(5) Question not attempted

28. उस शासक का नाम बताइए जिसने शाही रसोई में सोने और चाँदी के बर्तनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया था ।
(1) इल्तुतमिश
(2) अलाउद्दीन खिलजी
(3) मुहम्मद तुगलक
(4) फिरोज़ तुगलक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. Name the ruler who prohibited the use of Gold and Silver utensils in Royal Kitchen.
(1) Iltutmish
(2) Alauddin Khilji
(3) Muhammad Tughlaq
(4) Firoze Tughlaq
(5) Question not attempted

29. भारत में इमारतों के अन्तर्गत "चार केन्द्रित मेहराब" की शुरुआत किस राजवंश के द्वारा की गई ?
(1) खिलजी
(2) तुगलक
(3) सैयद
(4) लोदी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. Which dynasty introduced the "four centred arch" in buildings in India ?
(1) Khilji
(2) Tughlaq
(3) Sayyids
(4) Lodhi
(5) Question not attempted

30. किस पुस्तक में कबीर की कविताएँ संरक्षित हैं जो किसानों की परेशानी के प्रमुख कारणों का वर्णन करती है ?
(1) गुरु ग्रन्थ साहिब
(2) रामचरितमानस
(3) दयाभाग
(4) पेरिया पुराणम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. In which book Kabir poems have been preserved that describes the major reasons of Peasants' distress ?
(1) Guru Granth Sahib
(2) Ramcharitmanas
(3) Dayabhaga
(4) Periya Puranam
(5) Question not attempted

31. मिफ्ता-उल-फुजला में आसवन के लिए निम्नलिखित में से कौन सा शब्द प्रयोग किया गया है ?

(1) असयब (2) चकनीदान

(3) कोल्हू (4) चेक्कू

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. विजयनगर साम्राज्य के समय हीरे की खदानें निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित थीं ?

(1) बाँकापुर (2) सेन थॉम

(3) बोधन (4) कर्नूल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. बाबर के खिलाफ राणा सांगा के पक्ष में खानवा का युद्ध लड़ने के लिए बिजोलिया और देवलिया से किन राजाओं ने भाग लिया था ?

(1) पृथ्वी सिंह, राव गंगा सिंह

(2) गोकुलदास परमार, रावत बाघ सिंह

(3) चन्द्रभान चौहान, माणिकचन्द चौहान

(4) शत्रुदेव सिंह, कल्याणमल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. मध्यकालीन डाक व्यवस्था के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए एवं सही विकल्प का चयन कीजिए :

A. अश्व डाक व्यवस्था 'उलुक' कहलाती थी ।

B. पैदल डाक व्यवस्था 'दावा' कहलाती थी ।

कूट :

(1) केवल A सही है ।

(2) केवल B सही है ।

(3) A और B दोनों सही हैं ।

(4) A और B दोनों गलत हैं ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. Which of the following term is used for distillation in Miftah-ul-Fuzala ?

(1) Asyab (2) Chakanidan

(3) Kolhu (4) Chekku

(5) Question not attempted

32. During Vijaynagar Empire, diamond mines were located at which of the following place ?

(1) Bankapur (2) San Thome

(3) Bodhan (4) Kurnool

(5) Question not attempted

33. Which rulers from Bijolia and Devaliya participated in the battle of Khanwa to fight from the side of Rana Sanga against Babur ?

(1) Prithavi Singh, Rao Ganga Singh

(2) Gokuldas Parmar, Rawat Bagh Singh

(3) Chandrabhan Chouhan, Manikchand Chouhan

(4) Shatrudev Singh, Kalyanmal

(5) Question not attempted

34. Read the following statements regarding the Medieval Postal System and choose the correct option :

A. The horse postal system was called 'Uluq'.

B. The pedestrian post was called 'Dawa'.

Codes :

(1) Only A is right.

(2) Only B is right.

(3) Both A and B are right.

(4) Both A and B are wrong.

(5) Question not attempted

35. शेरशाह के प्रशासन में 'कारकून' सरकारी अभिलेख किस भाषा में रखते थे ?
A. फारसी B. अरबी
C. हिन्दी D. संस्कृत
सही कूट का चयन करें :
(1) केवल A (2) A तथा C
(3) A तथा D (4) B तथा C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. निम्नलिखित में से किस पुर्तगाली गवर्नर ने 1510 में बीजापुर से छीनकर गोवा पर अधिकार किया ?
(1) अल्बूकर्क (2) अल्मेड़ा
(3) नोवास (4) बरेटो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. जहाँगीर की विजयों/अभियानों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
A. अहमदनगर
B. किश्तवाड़
C. मेवाड़
कूट :
(1) A, B, C (2) C, B, A
(3) B, C, A (4) C, A, B
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. हुमायूँ के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िये एवं सही विकल्प को चुनिये :
A. हुमायूँ ने 1534 ई. में कालिंजर का अभियान किया था।
B. हुमायूँ ने 1532 ई. में चुनार का "प्रथम" घेरा डाला था।
C. उसने अपने भाई हिन्दाल को सम्भल का क्षेत्र जागीर में दिया था।
कूट :
(1) केवल B सही है।
(2) B और C सही हैं।
(3) केवल C सही है।
(4) A, B और C सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. 'Karkuns' maintain official records in which language during Sher Shah's administration ?
A. Persian B. Arabic
C. Hindi D. Sanskrit
Choose the correct code :
(1) Only A (2) A and C
(3) A and D (4) B and C
(5) Question not attempted

36. Which of the following Portuguese Governor captured Goa from Bijapur in 1510 ?
(1) Albuquerque (2) Almaida
(3) Novais (4) Barreto
(5) Question not attempted

37. Arrange the conquests/campaigns of Jahangir in chronological order :
A. Ahmednagar
B. Kishtwar
C. Mewar
Codes :
(1) A, B, C (2) C, B, A
(3) B, C, A (4) C, A, B
(5) Question not attempted

38. Read the following statements about Humayun and choose the correct options :
A. Humayun conducted the expedition to Kalinjir in 1534 A.D.
B. Humayun "first" laid seige to Chunar in 1532 A.D.
C. He granted the area of Sambhal as Jagir to his brother Hindal.
Codes :
(1) Only B is right.
(2) B and C are right.
(3) Only C is right.
(4) A, B and C are right.
(5) Question not attempted

39. अकबर के दरबार में जैन भिक्षुओं को लाने में निम्न में से किस व्यक्ति की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी ?
(1) जगत सिंह (2) रणछोड़ भट्ट
(3) करम चन्द (4) दलपत सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. निम्न में से किस मुगल सम्राट के शासनकाल में अब्दुल्ला उज़बेक ने बदख्शाँ पर अधिकार कर लिया था ?
(1) अकबर (2) जहाँगीर
(3) शाहजहाँ (4) औरंगजेब
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. मुगलकाल के दौरान 'फरमान-ए-सबाती' किस अधिकारी का नियुक्ति पत्र था ?
(1) सूबेदार (2) मुहतसिब
(3) बक्शी (4) दिवान-ए-बयूतात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. मुगल बादशाह का कौन सा व्यक्तिगत निवास था जहाँ, बादशाह उच्च पदाधिकारियों के साथ महत्त्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करता था ?
(1) दीवान-ए-आम
(2) गुसलखाना
(3) मजलिस-उल-खलवत
(4) दीवान-ए-खास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. निम्नलिखित में से किस इतिहासकार ने मुगल साम्राज्य के पतन के लिए मनसब एवं जागीरदारी प्रणालियों की असफलता को उत्तरदायी बताया था ?
(1) जदुनाथ सरकार
(2) ए.एल. श्रीवास्तव
(3) के.एस. लाल
(4) सतीशचन्द्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. Who among the following was instrumental in introducing Jain monks to the Court of Akbar ?
(1) Jagat Singh
(2) Ranchhod Bhatt
(3) Karam Chand
(4) Dalpat Singh
(5) Question not attempted

40. During the reign of which of the following Mughal emperors did Abdullah Uzbek capture Badakhshan ?
(1) Akbar (2) Jahangir
(3) Shahjahan (4) Aurangzeb
(5) Question not attempted

41. During the Mughal period 'Farman-i-Sabati' was an appointment letter of which officer ?
(1) Subahdar (2) Muhtasib
(3) Bakshi (4) Diwan-i-Bayutat
(5) Question not attempted

42. Which was the personal residence of the Mughal emperor, where the emperor used to discuss important matters with higher officers ?
(1) Diwan-i-Aam
(2) Gushalkhana
(3) Mazalis-ul-Khalwat
(4) Diwan-i-Khas
(5) Question not attempted

43. Which of the following historian attributed the failure of the Mansab and Jagirdari Systems to the fall of the Mughal Empire ?
(1) Jadunath Sarkar
(2) A.L. Srivastwa
(3) K.S. Lal
(4) Satishchandra
(5) Question not attempted

44. 'मदद-ए-माश' भूमि अनुदान के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?
(1) यह अनुदान बंजर भूमि की खेती के लिए ही दिए जाते थे।
(2) अकबर ने वृंदावन मंदिर के हिंदू पुरोहित गोपालदास को 200 बीघा मदद-ए-माश भूमि प्रदान की थी।
(3) अकबर ने धार्मिक व्यक्तियों को दिए जाने वाले सभी राजस्व मुक्त अनुदान समाप्त कर दिये थे।
(4) यह अनुदान सैनिक अधिकारियों को उनके वेतन के स्थान पर दिया जाता था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. निम्न में से किसने अकबर के शासन के दौरान खालसा एवं जागीर भूमि को एक-दूसरे से अलग कर दिया ?
(1) ख्वाजा अब्दुल मजीद आसफ खाँ
(2) मलिक फूल एतिमाद खाँ
(3) मुजफ्फर खाँ
(4) शहाबुद्दीन अहमद खाँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. मनसबदारी व्यवस्था के बारे में कौन सा / से कथन सही है/हैं ?
A. मनसब व्यवस्था मुगल प्रशासनिक व्यवस्था का एक सैनिक नौकरशाही तंत्र था।
B. मनसब व्यवस्था में सैनिक एवं नागरिक मामलों की जिम्मेदारी थी।
C. सभी मनसबदारों को नकद वेतन के स्थान पर जागीर प्रदान की जाती थी।

कूट :
(1) केवल A (2) A और B
(3) A और C (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. निम्नलिखित में से जमींदारों के लिए पूर्व में प्रयुक्त क्षेत्रीय शब्दावली का कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(1) खूत तथा मुकद्दम – दोआब
(2) नाबूद – राजस्थान
(3) सतराही तथा बीसवी – अवध
(4) बंथ – गुजरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. Which of the following statement is correct regarding 'madad-i-mash' land grants ?
(1) These grants were given exclusively for cultivating barren lands.
(2) Akbar granted 200 bighas of madad-i-mash land to Gopal Das, a Hindu Priest of the Vrindawan temple.
(3) Akbar abolished all revenue free grants to religious persons.
(4) This grant was given to military officers in lieu of salary.
(5) Question not attempted

45. Who among the following separated Khalsa and Jagir lands from each other during the reign of Akbar ?
(1) Khwaja Abdul Majeed Asaf Khan
(2) Maliq Phool Itimad Khan
(3) Muzaffar Khan
(4) Shahabuddin Ahmed Khan
(5) Question not attempted

46. Which of the following statements is/are correct about the Mansabdari system ?
A. The Mansab system was a military bureaucratic system of the Mughal Administration.
B. It had military and civil responsibilities under the Mansab system.
C. All Mansabdars were given Jagirs in lieu of cash salaries.

Codes :
(1) Only A (2) A and B
(3) A and C (4) A, B and C
(5) Question not attempted

47. Which of the following pair of regional terms formerly used for Zamindars is incorrectly matched ?
(1) Khut and Muqaddam – Doab
(2) Nabud – Rajasthan
(3) Satarahi and Biswi – Awadh
(4) Banth – Gujarat
(5) Question not attempted

48. श्रीनगर में निशात बाग के संस्थापक कौन थे ?

(1) आसफ़ खान

(2) लाल खान

(3) जगन्नाथ

(4) मुहम्मद कादिर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. हुमायूँ के काल के दौरान चित्रकला के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) उसकी फारस के शाह तहमास्प के दरबार में चित्रकला के प्रति रुचि जागृत हुई ।

(2) मीर सैयद अली और ख्वाजा अब्दुस समद भारत लौटते समय उनके दल में शामिल हुए ।

(3) "तैमूर के घराने का राजकुमार" इस काल का प्रसिद्ध चित्र है ।

(4) "तैमूर के घराने का राजकुमार" का चित्र दिल्ली के पुराने किले में उनके महल की दीवार पर बनाया गया है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. 'मुनिस-अल-अरवाह' किसकी रचना थी ?

(1) गुलबदन बेगम

(2) नूरजहाँ बेगम

(3) दिलरास बानो बेगम

(4) जहाँआरा बेगम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. शाहजहाँ के उस स्वर्णकार का नाम बताइए जिसने ताजमहल में कब्र के चारों ओर सोने की स्क्रीन डिजाइन बनाई थी ।

(1) बेबादल खान

(2) अमानत ख़ान

(3) मकरमत खान

(4) मीर अब्दुल करीम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. Who was the founder of Nishat Bag at Srinagar ?

(1) Asaf Khan

(2) Lal Khan

(3) Jagannath

(4) Muhammad Qadir

(5) Question not attempted

49. Which among the following statement is not correct regarding painting during Humayun period ?

(1) He acquired love of painting in the Court of Shah Tahmasp of Persia.

(2) Mir Syed Ali and Khwaja Abdus Samad joined his entourage on his return to India.

(3) "Prince of the House of Timur" was famous painting of this period.

(4) The painting of "Prince of House of Timur" has been drawn on the wall of his palace in the old fort of Delhi.

(5) Question not attempted

50. Whose composition was "Munish-ul-Arwah" ?

(1) Gulbadan Begum

(2) Nurjahan Begum

(3) Dilras Bano Begum

(4) Jahanara Begum

(5) Question not attempted

51. Name the goldsmith of Shahjahan, who surrounded gold screen designed to the grave in Taj Mahal.

(1) Bebadal Khan

(2) Amanat Khan

(3) Makramat Khan

(4) Mir Abdul Karim

(5) Question not attempted

52. मध्यकाल में बैरामी, शंबाफ, शिरीबाफ, कट्टान-ए-रूमी किस प्रकार की वस्तुओं के प्रकार थे ?
(1) कपड़े
(2) स्वर्णाभूषण
(3) स्टील
(4) ऊन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. 'धाणी जोग' एवं 'फरमान जोग' निम्न में से किसके प्रकार थे ?
(1) हुण्डी
(2) मुद्रा
(3) जन्म कुण्डली
(4) पंचांग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. मुगलकाल में राज्य टकसाल शुल्क को कहा जाता था
(1) उजरत-ए-कारीगरान
(2) महसूल-ए-दारूल-जरब
(3) रसूम-ए-अहलकरन
(4) कतरापर्चा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नलिखित में से कौन वह दक्कनी ब्राह्मण नहीं है जिनके पास शिवाजी ने आगरा जेल से भागते समय अपने पुत्र शम्भाजी को मथुरा में छोड़ा था ?
(1) कृष्णाजी
(2) काशीराव
(3) निराजी
(4) विस्साजी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. निम्नलिखित में से कौन सी दो विशिष्ट जातियाँ मुगलकाल के दौरान नमक तथा शोरा के उत्पादन में संलग्न थीं ?
(1) नुनिया तथा मलंगी
(2) माल्टी तथा ज़र्गरण
(3) कुंजर्ह तथा माल्टी
(4) ज़र्गरण तथा मंडल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. Bairami, Shanbaf, Shiribaf, Kattan-i-rumi were variety of which item in Medieval period ?
(1) Cloth
(2) Gold Ornaments
(3) Steel
(4) Wool
(5) Question not attempted

53. 'Dhani Jog' and 'Farman Jog' were types of which of the following ?
(1) Hundi
(2) Currency
(3) Natal chart
(4) Almanac
(5) Question not attempted

54. During the Mughal period, the state mint fee was known as :
(1) Ujrat-i-Karigaran
(2) Mahsul-i-Darul-zarb
(3) Rusum-i-Ahlkaran
(4) Katraparcha
(5) Question not attempted

55. Which among the following is not the Deccani Brahmin to whom Shivaji left his son Shambhaji at Mathura while his escape from Agra jail ?
(1) Krishnaji
(2) Kashi Rao
(3) Niraji
(4) Visaji
(5) Question not attempted

56. Which of the following two specialized castes were involved in the production of salt and saltpetre during Mughal period ?
(1) Nunia and Malangi
(2) Malti and Zargaran
(3) Kunjrh and Malti
(4) Zargaran and Mandal
(5) Question not attempted

57. निम्नलिखित में से कौन सा अधिकारी पेशवाओं के अधीन राजस्व एकत्रित करने के लिए जिम्मेदार था ?
(1) कामविसदार (2) आमिलदार
(3) हवलदार (4) मिरासदार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. संत तुकाराम के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है ?
(1) वह शिवाजी के समकालीन थे ।
(2) उन्होंने हिंदू धर्म और इस्लाम में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया ।
(3) वह संत रामदास के समकालीन थे ।
(4) उन्होंने धर्म, तीर्थयात्रा, व्रत, उपवास और मूर्तिपूजा के उदार रूपों को प्रोत्साहित किया ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. निम्नलिखित युग्मों में से सही सुमेलित है/हैं :

| | सूफ़ी संत | | ग्रंथ |
|---|---|---|---|
| A. | शेख मोहम्मद गौस | – | जवाहिर-ए-खम्सा |
| B. | शेख अब्दुल हक़ | – | मदारिज-उन-नुबुब्बा |
| C. | जहाँआरा बेगम | – | नूरिया-ए-सुल्तानिया |

सही कूट का चयन करें :
(1) केवल A (2) A और B
(3) A और C (4) A, B और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. ताराबाई ने किसकी संरक्षिका के रूप में शासन कार्य किया था ?
(1) राजाराम
(2) शिवाजी द्वितीय
(3) शंभाजी
(4) शाहूजी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. Which of the following officer was responsible for revenue collection under Peshawas ?
(1) Kamavisdar (2) Amildar
(3) Havaldar (4) Mirasdar
(5) Question not attempted

58. Which among the following statement is not true about Saint Tukaram ?
(1) He was contemporary of Shivaji.
(2) He tried to reconcile Hinduism and Islam.
(3) He was contemporary to Saint Ramdas.
(4) He encouraged liberal forms of religion, pilgrimage, vows, fasts and idol worship.
(5) Question not attempted

59. Which of the following pair/s is/are correctly matched ?

| | Sufi Saint | | Text |
|---|---|---|---|
| A. | Shaikh Mohammad Gous | – | Jawahir-i-Khamsa |
| B. | Shaikh Abdul Haq | – | Madariz-un-Nububba |
| C. | Jahanara Begum | – | Nuriya-i-Sultania |

Choose the correct codes :
(1) Only A (2) A and B
(3) A and C (4) A, B and C
(5) Question not attempted

60. Tarabai ruled as the custodian of whom ?
(1) Rajarama
(2) Shivaji Second
(3) Shambhaji
(4) Shahuji
(5) Question not attempted

61. निम्नांकित में से कौन से कथन विश्लेषणात्मक इतिहास दर्शन के विषय में सही हैं ?
A. यह इतिहास को अतीत की घटनाओं की पड़ताल से नहीं अपितु इतिहास की अतीत अध्ययन के एक विषय के रूप में पड़ताल करती है ।
B. यह इस विषय की प्रकृति से संबन्धित है ।
C. इतिहास की वस्तुनिष्ठता की समस्या से संबन्धित है ।
D. यह ऐतिहासिक अन्वेषण की पद्धति से सम्बन्धित है ।
सही कोड का चयन करें :
(1) A, B, D (2) A, B, C
(3) A, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. 'इतिहासकार जिसे लिखता है, वही इतिहास है ।' यह कथन किसका है ?
(1) जी.आर. एल्टन (2) ई.एच. कार्र
(3) रेनियर (4) मैंडलबॉम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. निम्नलिखित में से कौन सी इतिहास के परिकल्पनात्मक दर्शन की विशेषता नहीं है ?
(1) यह व्यवस्थित होना चाहिए ।
(2) यह ऐतिहासिक अनुभव की समग्र व्याख्या प्रदान करे ।
(3) यह किसी ऐसे सिद्धांत का उपयोग करे जिसके अनुसार ऐतिहासिक घटनाओं की विविधता को एकता का सूत्र प्रदान करे ।
(4) यह इतिहास में किसी अन्तिम अर्थ की तलाश नहीं करे ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. सतनामी सम्प्रदाय की स्थापना किसने की थी ?
(1) रायदास (2) सुन्दरदास
(3) शंकरदेव (4) वीरभान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. Which of the following statements about analytical philosophy of history are true ?
A. It enquires into history not as past events but as a discipline which discovers and understands the past.
B. It is concerned with the nature of this discipline.
C. It is concerned with the problem of objectivity of history.
D. It is concerned with the methodology of historical inquiry.
Choose the correct code :
(1) A, B, D (2) A, B, C
(3) A, C, D (4) A, B, C, D
(5) Question not attempted

62. 'History is what the historians write.' Who stated this ?
(1) G.R. Elton (2) E.H. Carr
(3) Renier (4) Mandelbaum
(5) Question not attempted

63. Which of the following is not a characteristic of speculative philosophy of history ?
(1) It is systematic.
(2) It provides an interpretation of the totality of historical experience.
(3) It utilizes some principle according to which the multiplicity of historical events is unified.
(4) It does not seek an ultimate meaning in history.
(5) Question not attempted

64. Who was the founder of Satnami Sect ?
(1) Raydas (2) Sunderdas
(3) Shankardev (4) Veerbhan
(5) Question not attempted

65. ब्रिटिश इतिहासकार आर्थर मारविक के अनुसार, निम्नलिखित में से किन स्रोतों की अपेक्षाकृत गहरी पड़ताल करनी चाहिये ?
(1) समकालीन पत्र
(2) गुप्तचरों की रिपोर्ट
(3) संसदीय और प्रेस रिपोर्ट
(4) व्यक्तिगत डायरियाँ और आत्मकथायें
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
A. ऐतिहासिक कारण घटना की व्याख्या होता है ।
B. ऐतिहासिक कारण किसी घटना विषयक भविष्यवाणी नहीं होता ।
C. ऐतिहासिक घटनाओं की प्रकृति ऐसी है कि उन पर प्राकृतिक विज्ञानों का 'सामान्य नियम मॉडल' लागू नहीं होता ।
D. ऐतिहासिक कारण, कारण नहीं अपितु किसी घटना के घटित होने की आवश्यक परिस्थितियाँ होते हैं ।

सही कोड का चयन करें :
(1) A, B, D (2) B, C, D
(3) A, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. 'इतिहास में डार्विनवाद' लेख किस ब्रिटिश इतिहासकार से सम्बन्धित है ?
(1) अर्नाल्ड टॉयनबी (2) जे.बी. ब्यूरी
(3) डब्ल्यू. स्टार्क (4) फ्रेडरिक एंगेल्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. निम्नलिखित इतिहासकारों में से किसने इतिहास की व्याख्या मनुष्य और सौरमण्डल के परिप्रेक्ष्य में की है ?
(1) काण्ट (2) कॉलिंगवुड
(3) हेगेल (4) हर्डर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. Which of the following sources should be put under close scrutiny according to the British historian Arthur Marwick ?
(1) Contemporary letters
(2) Informers' reports
(3) Parliamentary and press reports
(4) Diaries and autobiographies
(5) Question not attempted

66. Consider the following statements :
A. Historical cause explains an event.
B. Historical cause is not meant to predict an event.
C. The nature of historical events is such that the 'general law model' of natural sciences does not apply to them.
D. Historical causes are not causes but are necessary conditions for the occurrence of a historical event.

Select the correct code :
(1) A, B, D (2) B, C, D
(3) A, C, D (4) A, B, C, D
(5) Question not attempted

67. The article 'Darwinism in History' is related to which British historian ?
(1) Arnold Toynbee
(2) J.B. Bury
(3) W. Stark
(4) Friedrich Engels
(5) Question not attempted

68. Who among the following historians has interpreted history from the perspective of men and the solar-system ?
(1) Kant (2) Collingwood
(3) Hegel (4) Herder
(5) Question not attempted

69. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. डिल्थे का दृढ़ विश्वास था कि ऐतिहासिक और सामाजिक विज्ञान, अन्य विज्ञानों के विपरीत, तत्वमीमांसा से मुक्त नहीं हुए हैं ।

B. कॉम्टे और जॉन स्टुअर्ट मिल (1806-73) ने ऐसा करने का प्रयास किया था, लेकिन डिल्थे के अनुसार ऐसा करके उन्होंने ऐतिहासिक वास्तविकता को विकृत कर दिया था ।

C. डिल्थे अनुभववादियों और प्रत्यक्षवादियों से सहमत थे कि सभी विज्ञान अनुभव पर आधारित हैं, लेकिन उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अनुभव केवल एक निष्क्रिय अवस्था नहीं है जिसमें चेतन मन ऐन्द्रिक प्रत्यक्ष द्वारा तथ्य प्राप्त करता है ।

D. डिल्थे के लिए सामाजिक और ऐतिहासिक विज्ञानों का कार्य चेतना के तथ्यों के विश्लेषण पर आधारित था, क्योंकि इन विज्ञानों को यह ध्यान में रखना चाहिए कि सभी विचार, व्यक्तिगत क्रियाएँ और संस्थाएँ जीवित समष्टियों और प्रक्रियाओं का हिस्सा हैं, और उन्हें केवल उनके संदर्भ में ही समझा जा सकता है ।

उक्त कथनों में से कौन से कथन डिल्थे के इतिहास दृष्टिकोण के सम्बन्ध में सही हैं ?

सही कूट का चयन करें :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. क्रोचे के 'इतिहास दृष्टिकोण' के सम्बन्ध में निम्नांकित कौन से कथन सत्य हैं ?

A. क्रोचे के अनुसार इतिहास विज्ञान नहीं बल्कि एक कला है ।

B. उनके लिए, कला का अर्थ वैयक्तिकता अथवा व्यक्तिपरक अंतर्ज्ञान की दृष्टि है ।

C. उनके लिए, कला भावना की अभिव्यक्ति नहीं, अपितु एक संज्ञानात्मक अथवा ज्ञानात्मक उपक्रम है ।

D. विज्ञान का कार्य सामान्य अवधारणाओं का निर्माण करना और उनके बीच संबंधों को समझना है ।

सही कूट का चयन करें :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न



69. Consider the following statements :

A. Dilthey strongly believed that the historical and social sciences, unlike the other sciences, had not freed themselves from metaphysics.

B. Comte and John Stuart Mill (1806-73) had attempted to do this, but in Dilthey's opinion had thereby mutilated historical reality.

C. Dilthey agreed with the empiricists and positivists that all sciences rested upon experience, but he stressed that experience is not merely a passive state in which the conscious mind receives sense data.

D. The task of the social and historical sciences for him rested in the analysis of the data of consciousness, because these sciences must take into account that all thoughts, individual actions and institutions are a part of living totalities and processes and can be understood only in their context.

Which of the above statements are correct about Dilthey's view of history ?

Choose the correct code :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) Question not attempted

70. Which of the following statements are correct about 'Croce's view of history' ?

A. To Croce, history is not science but an art.

B. For him, art was the intuitive vision of individuality.

C. For him, art is not an activity of the emotions, but a cognitive activity.

D. The work of science is to construct general concepts and to work out the relations between them.

Choose the correct code :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) Question not attempted

71. कॉलिंगवुड के इतिहास के दृष्टिकोण के बारे में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

A. वह किसी घटना के "बाह्य" और इसके "आभ्यंतरिक" पक्षों के बीच अंतर करते हैं।

B. प्राकृतिक घटनाओं के बाह्य और आभ्यंतरिक के बीच कोई अंतर नहीं होता, क्योंकि प्राकृतिक घटनाएँ केवल घटनाएँ हैं, किसी कर्ता के कार्य नहीं।

C. जब एक इतिहासकार जान लेता है कि क्या हुआ, तो वह जान जाता है कि ऐसा क्यों हुआ।

D. कॉलिंगवुड उन क्रियाओं को इतिहासकार के विषय-वस्तु में शामिल नहीं करते जो मनुष्य के पशु स्वभाव, उसकी स्वाभाविक भूख और आवेगों से उत्पन्न होती हैं।

सही कूट का चयन करें :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. जब कॉलिंगवुड दो विचारकों की कमज़ोरियों की ओर इशारा करते हुए कह रहे थे : "इतिहास के बारे में उनके दृष्टिकोण में ताकत और कमज़ोरी दोनों हैं ... ताकत, तथ्यों के पीछे छिपी अवधारणाओं के तार्किक संबंधों को समझने में; और कमज़ोरी, मानव जीवन के एक पहलू को चुनने में – एक राजनीतिक पहलू को चुनता है और दूसरा आर्थिक पहलू को।" वे किनका ज़िक्र कर रहे थे ?

(1) फिख्ते-शैलिंग (2) मार्क्स-एंगेल्स
(3) हेगेल-मार्क्स (4) हेगेल-कॉम्टे
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. 'हिस्टोरिकल मेटेरिएलिज्म एंड द इकोनॉमिक्स ऑफ कार्ल मार्क्स' पुस्तक के लेखक कौन थे ?

(1) क्रोचे (2) स्पेंगलर
(3) डिल्थे (4) हर्डर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. Which of the following statements about Collingwood's view of history are correct ?

A. He makes a distinction between the "outside" of an event and its "inside".

B. In the case of nature, the distinction between the outside and inside of an event does not arise, for natural events are mere events, not the acts of agents.

C. When a historian knows what happened, he already knows why it happened.

D. Collingwood does not include those actions that flow from man's animal nature, from his natural appetites and impulses, in the subject-matter of the historian.

Choose the correct code :

(1) A, B, C (2) A, C, D
(3) B, C, D (4) A, B, C, D
(5) Question not attempted

72. When Collingwood was pointing to the weakness of two thinkers, saying : Their view of history has both the strength and the weakness... strength, in penetrating behind the facts to the logical nexus of underlying concepts and their weakness, in selecting one aspect of human life – one selects the political and the other the economic. Who was he referring to ?

(1) Fichte – Schelling
(2) Marx – Engels
(3) Hegel – Marx
(4) Hegel – Comte
(5) Question not attempted

73. Who was the writer of book 'Historical Materialism and the Economics of Karl Marx' ?

(1) Croce (2) Spengler
(3) Dilthey (4) Herder
(5) Question not attempted

74. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन कॉम्टे के दृष्टिकोण को सही रूप से प्रस्तुत नहीं करता ?
(1) कॉम्टे ने प्रत्यक्षवादी दर्शन का प्रतिपादन किया।
(2) कॉम्टे सार्वभौमिकता में विश्वास नहीं करते थे।
(3) उनकी मान्यता थी कि सार्वभौम नियमों का प्रतिपादन किया जा सकता है।
(4) उनकी मान्यता थी कि प्रत्येक समाज विकास के तीन चरणों से गुजरता है – धार्मिक, तार्किक और वैज्ञानिक अथवा प्रत्यक्षवादी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. निम्नलिखित में से किसने 'तर्क का चातुर्य' की अवधारणा प्रतिपादित की ?
(1) स्पेंसर (2) कॉम्टे
(3) हेगेल (4) मार्क्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक मिशेल फूको द्वारा रचित नहीं है ?
(1) नीत्शे, जीनिओलॉजी, हिस्ट्री
(2) मैडनेस एंड सिविलाइजेशन
(3) दि बर्थ ऑफ दि क्लीनिक
(4) स्पीच एंड फिनोमेना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. विको के अनुसार, इतिहासकार कौन सी गलतियाँ कर सकते हैं ?
(A) पुरातन वस्तुओं के बारे में शानदार राय देना।
(B) स्रोतों का भ्रम अथवा राष्ट्रों की रूढ़िवादी परम्पराएँ।
नीचे दिये गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :
(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. Which of the following statement does not correctly represent Comte's view ?
(1) Comte enunciated the Positivist Philosophy.
(2) Comte did not believe in universalism.
(3) He believed that it was possible to formulate universal laws.
(4) He believed that every society passes through three stages of development – Theological, Rational & Scientific or Positive.
(5) Question not attempted

75. Who among the following propounded the concept of 'cunning of reason' ?
(1) Spencer (2) Comte
(3) Hegel (4) Marx
(5) Question not attempted

76. Which of the following book not written by Michel Foucault ?
(1) Nietzsche, Genealogy, History
(2) Madness and Civilization
(3) The Birth of the Clinic
(4) Speech and Phenomena
(5) Question not attempted

77. According to Vico, what errors that historians are liable to commit ?
(A) Magnificent opinions concerning antiquity.
(B) The fallacy of sources or the scholastic succession of nations
Select the correct answer using the codes given below :
Codes :
(1) Only (A) is right.
(2) Only (B) is right.
(3) Both (A) & (B) are right.
(4) Both (A) & (B) are wrong.
(5) Question not attempted

**78.** निम्न को सुमेलित कीजिये :

| | *ग्रंथ* | | *लेखक* |
|---|---|---|---|
| A. | दी एंड ऑफ हिस्ट्री एण्ड द लास्ट मैन | I. | फूको |
| B. | मैडनेस एण्ड सिविलाइज़ेशन | II. | लायोटार्ड |
| C. | द पोस्टमॉडर्न कंडीशन | III. | फुकूयामा |
| D. | द स्ट्रक्चर ऑफ एवरीडे लाइफ | IV. | ब्राडल |

विकल्प :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | I | II | IV |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | I | IV | III | II |
| (4) | IV | III | II | I |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**79.** निम्नलिखित में से किसका मानना था कि : मानवता का प्रत्येक ऐतिहासिक रूप, प्रत्येक पीढ़ी, प्रत्येक सभ्यता और संस्कृति, प्रत्येक राष्ट्रीय समूह अद्वितीय है । प्रत्येक केवल किसी बेहतर चीज़ की ओर एक पड़ाव नहीं है, बल्कि अपने आप में एक लक्ष्य है ?

(1) क्रोचे (2) विको
(3) टॉयनबी (4) हर्डर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**80.** निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन उत्तर-आधुनिक इतिहास-लेखन के विषय में असत्य है ?

(1) यह इस धारणा को खारिज करता है कि इतिहास अतीत को उसी रूप में प्रस्तुत करता है वह जैसा घटित हुआ ।
(2) यह वास्तविकता को भाषा 'बाह्य' (भाषा से स्वतंत्र) मानता है ।
(3) यह इतिहास को भाषा पर आधारित रचना प्रक्रिया मानता है, जिसके माध्यम से इतिहासकार ऐतिहासिक व्याख्या प्रस्तुत करता है ।
(4) यह इतिहास लेखन में वस्तुनिष्ठता को असंभव मानता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**78.** Match the following :

| | *Books* | | *Authors* |
|---|---|---|---|
| A. | The End of History and the Last Man | I. | Foucault |
| B. | Madness and Civilisation | II. | Lyotard |
| C. | The Postmodern Condition | III. | Fukuyama |
| D. | The Structure of Everyday Life | IV. | Braudel |

Options :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | III | I | II | IV |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | I | IV | III | II |
| (4) | IV | III | II | I |

(5) Question not attempted

**79.** Who among the following believed that : Each historical form of humanity, each generation, each civilization and culture, each national group is unique. Each is not merely a stage on the way to something better but an end in itself ?

(1) Croce (2) Vico
(3) Toynbee (4) Herder
(5) Question not attempted

**80.** Which of the following statements about post-modern historiography is incorrect ?

(1) It rejects the notion that history presents the past as it really was.
(2) It accepts the notion of reality "as being out there" existing independently of language.
(3) It defines history as a language-based manufacturing process in which written historical interpretation is produced by historians.
(4) It rejects objectivity in history writing.
(5) Question not attempted

81. निम्नलिखित में से किस सभ्यता को टॉयनबी, प्राथमिक सभ्यता में नहीं गिनते ?
(1) सुमेरियाई (2) मिनोई
(3) एण्डिअन (4) पश्चिमी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. निम्नलिखित में से कौन से कथन फुकुयामा के दृष्टिकोण को सही ढंग से बताते हैं ?
A. फुकुयामा ने इतिहास में निहित अर्थ को लेकर दशकों से चले आ रहे (आधुनिकता से) उत्तर-आधुनिकतावादी मोहभंग और संशयवाद को खारिज कर दिया।
B. उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मानव जाति का सुसंगत और दिशात्मक इतिहास अंतत: मानवता के बड़े हिस्से को एक स्थिर स्थिति की ओर ले जाएगा।
C. यह एकात्मक विकास मानवीय स्थिति की गतिशील प्रकृति में उत्पन्न हुआ, जो उदार लोकतंत्रों की दुनिया में इतिहास की पूर्णता की ओर अग्रसर था।
D. फुकुयामा ने आधुनिकतावाद की प्रमुख शक्तियों, जैसे मार्क्स के उत्पादन के तरीके और साधन, सिगमंड फ्रायड के यौन आवेग, और चार्ल्स डार्विन के पर्यावरणीय अनुकूलन को अस्वीकार कर दिया।

सही कूट का चयन करें :
(1) A, B, C (2) B, C, D
(3) A, C, D (4) A, B, C, D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. निम्नलिखित में से कौन सा कथन स्पेंगलर और टॉयनबी के इतिहास के दृष्टिकोण के बारे में सत्य नहीं है ?
(1) इतिहास उन्हें एक रिदम में अग्रसरित होता दिखाई दिया।
